कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.07.2024

विषय:- **थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर दिनेश कुमार पटेल गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया 01 अदद एंड्रॉइड मोबाईल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-269/2024 धारा 380,411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त दिनेश कुमार पटेल पुत्र रामा पटेल निवासी परमानन्दपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी को शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड के पास से आज दिनांक-04.07.2024 को समय करीब 09.00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अदद एण्ड्रायड मोबाईल बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी की सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त दिनेश कुमार पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि मै नशे का आदि हूँ और नशा करने के लिए ही मै छोटी-मोटी चोरी करता हूं। लालच में आकर मैंने दुधहिया पोखरी महेशपुर मे एक मकान के अन्दर घुसकर चार्जिंग में लगा हुआ मोबाइल चोरी कर लिया था जिसको बेचने के लिए मै कई दिनों से ग्राहक खोज रहा था और आज एक आदमी को मोबाइल बेचने के लिए मैंने यहीं बुलाया था। जो मोबाइल मैने चोरी किया है वो अभी मेरे पास ही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- दिनेश कुमार पटेल पुत्र रामा पटेल निवासी परमानन्दपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी, उम्र 35 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल वीवो कम्पनी रंग स्काई ब्लू IMEI No. 865610071566277 व 865610071566269 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय- शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड के पास से दिनांक-04.07.2024 को समय करीब 09.00 बजे।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- प्र0उ0नि0 शैलेश शर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0क0 वसीम खाँ थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।